भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1747

उत्तर देने की तारीख 21 सितम्बर, 2020

डिजिटल पार्सल लॉकर सेवा

1747. श्री कुलदीप राय शर्मा :
श्री डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस. :
डॉ. सुभाष रामराव भामरे :
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :
श्री बी. मणिक्कम टैगोर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश के कई डाकघरों में नि:शुल्क डिजिटल पार्सल लॉकर सेवा आरंभ की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त पार्सल लॉकर सेवाओं के आरंभ करने का उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या सरकार को उक्त पहल को लागू करने में कोई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार निजी ई-कॉमर्स पोर्टल से खरीद के दौरान डिलीवरी के लिए नि:शुल्क डिजिटल पार्सल लॉकर सेवा प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश के पूर्वी भाग में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म्स हेतु इंडिया पोस्ट सर्वाधिक पसंदीदा कुरियर एजेंट है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कोविड-19 महामारी के कारण इंडिया पोस्ट के राजस्व अर्जन में कितनी कमी आई तथा सरकार द्वारा इस बारे में क्या सुधारात्मक उपाए किए गए?

उत्तर

संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) विभाग ने 24x7 सेवा प्रदान करने के लिए दो डाकघरों अर्थात् कोलकाता (पश्चिम बंगाल सर्कल) में नबाड़ीगंटा आईटी उप डाकघर और न्यू टाउन ऐक्शन एरिया उप डाकघर और बेंगलूरू (कर्नाटक सर्कल) में एक अपार्टमेंट में पार्सल वितरण लॉकर्स का प्रायोगिक परीक्षण शुरू किया है। यह सेवा प्रायोगिक चरण में है। गगनचुम्बी अपार्टमेंट्स के द्वार पर वितरण करने, पार्सल की सुरक्षा और सामाजिक दूरी के नियमों को ध्यान में रखते हुए संपर्क रहित वितरण करने की चुनौतियों का समाधान करते हुए लचीले वितरण समय के साथ 24 घंटे वितरण के विचार से वितरण लॉकर्स की व्यवस्था की गई।

(ख) यह पहल प्रायोगिक चरण में है और संकल्पना के कार्यान्वयन के पूरा होने पर सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

(ग) चूंकि यह प्रायोगिक चरण में है, अत: अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(घ) जी हां, देश के पूर्वी भाग में इंडिया पोस्ट पसंदीदा कुरियर है।

(ड.) कोविड-19 महामारी के दौरान इंडिया पोस्ट के राजस्व अर्जन में आई कमी के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :-

(करोड़ रुपए में)

विवरण	अप्रैल, 2020 से अगस्त, 2020	अप्रैल, 2019 से अगस्त, 2019
डाक प्राप्तियां	4415.57	5294.75

इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक उपाय इस प्रकार हैं :-

I. डाक विभाग ने 24.04.2020 से देशभर में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और मेल और पार्सल के आदान-प्रदान के लिए रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क शुरू किया है।
II. बचत बैंक सेवाओं के द्वार पर वितरण और एईपीएस को बढ़ावा दिया।
III. पंजीकृत समाचारपत्रों और प्रकाशनों को पोस्ट करने के लिए सामान्य जरूरतों में रियायत देते हुए विशेष छूट प्रदान की गई।
IV. डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा दिया गया।

V. डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा धारकों को अपने प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

*****